सुविचार

दूसरों के लिए वही करो जो तुम चाहते हो। यही सच्चा मानवतावादी है।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 22 | पंचकूला। वीरवार, 26 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### रिटायरमेंट पर शिक्षकों को 300 छुट्टियों का भुगतान मिलेगा

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्ध सहायता प्राप्त निजी कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया है कि अर्जित अवकाश के मामलों में उन्हें पंजाब सिविल सेवा नियमों का लाभ मिलेगा। इसके तहत शिक्षक सेवानिवृत्ति के समय अधिकतम 300 दिनों तक की बची हुई छुट्टियों का नकदीकरण (पैसे के रूप में भुगतान) पाने के हकदार होंगे। यह फैसला जस्टिस जगमोहन बंसल की अदालत ने चंडीगढ़ स्थित डीएवी कॉलेज, चंडीगढ़ के एक सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर की याचिका पर सुनाया। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने अगस्त 1986 में कॉलेज में सेवा शुरू की थी और 31 दिसंबर 2018 को सेवानिवृत्त हुए।

### एचएमटी में लकड़ी तस्करी का भंडाफोड़

**पंचकूला।** पिंजौर के एचएमटी वन क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी काटने वाले एक गिरोह का क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 की टीम ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 5 लकड़ी तस्करों दिलशाद उर्फ जिसान, शौकीन, कासिम, आरिफ और इकराम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिकअप गाड़ी और पेड़ काटने के आधुनिक औजार भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह का मास्टरमाइंड एकराम भी शामिल है। एसीपी क्राइम अरविंद कम्बोज ने बताया कि 23 फरवरी को पिंजौर के वन खंड अधिकारी ने पुलिस थाना में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 22 फरवरी की मध्यरात्रि जब वन विभाग की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी, तब उन्हें एच.एम.टी. पिंजौर के पास के जंगल से पेड़ काटने की आवाजें सुनाई दीं।

# 590 करोड़ का घोटाला : विजिलेंस ने मास्टरमाइंड दबोचा

## महिला समेत 4 आरोपी रिमांड पर, आरोपितों ने स्वास्तिक देश कंपनी बनाकर लगभग 300 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पंचकूला में हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के करीब 590 करोड़ रुपये के कथित घोटाले ने सनसनी फैला दी है।

मामले में मास्टरमाइंड रिभव ऋषि को विदेश भागने से पहले विजिलेंस ने एलओसी जारी कर देररात गिरफ्तार कर लिया। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर 32 ब्रांच के पूर्व ब्रांच हेड रिभव ऋषि और रिलेशनशिप मैनेजर अभय समेत पुलिस ने अभय की पत्नी स्वाति सिंगला और उसके भाई अभिषेक सिंगला को गिरफ्तार किया। चारों आरोपियों को विजिलेंस कोर्ट ने 7 दिनों के पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस अब रिभव ऋषि द्वारा बनाई स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट कंपनी में ट्रांसफर किए 300 करोड़ रूपए के बारे में पता लगा रही है। विजिलेंस ने कोर्ट से आरोपी रिभव ऋषि और अभय के लिए 14 दिनों के पुलिस



रिमांड की मांग की थी। उनसे आईडीएफसी के अलावा एयू फाइनांस की पंचकूला, चंडीगढ़ और मोहाली से जुड़ी शाखओं से ट्रांसफर की गई राशियों की स्टेटमेंट भी खंगाली जा रही है।

मामले में IDFC First Bank के पूर्व कर्मचारी अभय और उसके सहयोगी ऋषभ पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी स्वाति सिंगला और साले अभिषेक सिंगला के नाम पर ÷स्वास्तिक देश÷ कंपनी बनाकर लगभग 300 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। हरियाणा में यह फ्रॉड कैसे किया गया था। इसे लेकर जांच में कुछ अहम खुलासे हुए हैं। इन सभी को सात दिन के रिमांड पर लिया है।

जांच में सामने आया है कि स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी अभय की पत्नी स्वाति सिंगला और 25 प्रतिशत हिस्सेदारी साले अभिषेक सिंगला की बताई जा रही है। अभय और ऋषभ पहले एक ही बैंक में कार्यरत थे और करीब छह महीने पहले नौकरी छोड़ चुके थे। कंपनी का बैंक खाता AU Small Finance Bank में खुला था, जिसमें करीब 300 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर किए जाने का आरोप है।

**बैंक में जब अचानक गायब हो गई राशि :** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के डीजीपी अर्शदीप सिंह चावला ने पुष्टि की है कि इस मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले पंचायत विभाग की ओर से शिकायत दी गई थी कि IDFC First Bank में जमा उनकी राशि गायब हो गई है। इसके बाद अन्य विभागों की रकम के गबन का मामला भी सामने आया। आइडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा के अलावा यूटी के ही सेक्टर-32 के एयू स्माल फाइनांस बैंक में भी गड़बड़ी सामने आई।

**आइडीएफसी बैंक ने स्वीकार किया :** आइडीएफसी फर्स्ट बैंक ने माना कि उसके कुछ कर्मचारियों ने सरकारी खातों में अनधिकृत तरीके से ट्रांजेक्शन किए हैं। बैंक ने चार संदिग्ध कर्मचारियों को सस्पेंड किया। वहीं, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पंचकूला सेक्टर-17 थाने में एफआइआर दर्ज की है।

आइडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल बैंक के कर्मियों सहित अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि बेशक, सरकार का पैसा वापस आ गया है लेकिन कमेटी यह पता लगाएगी कि इस गोलमाल में हरियाणा सरकार के कौन अधिकारी व कर्मी संलिप्त थे।

सूत्रों के अनुसार, बैंक की ओर से प्रारंभिक स्तर पर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की गई थी, लेकिन मामला हरियाणा सरकार के संज्ञान में आने के बाद Haryana Anti Corruption Bureau ने कार्रवाई संभाली। पंचकूला के सेक्टर-17 स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो थाने में एफआईआर नंबर 4 दर्ज की गई है।

**कैसे हुआ खुलासा :** सूत्रों के अनुसार सरकारी विभागों के खातों में कुछ अनियमित ट्रांजेक्शन होने लगे थे। बैंक की प्रारंभिक जांच में पता चला कि कुछ ट्रांजेक्शन बिना अधिकृत अनुमति के हुए। रकम कई खातों में बांटी व बाहरी लोगों की भूमिका संदिग्ध दिखी।

बैंक ने पुष्टि कर सरकार को सूचना दी व रिकवरी प्रक्रिया शुरू हुई। यह घोटाला बड़े ही पारंपरिक तरीके से किया गया था। आरोपी है कि बैंक के कुछ कर्मचारियों ने बाहरी लोगों के साथ अनाधिकृत ट्रांजेक्शन के माध्यम से सरकारी खातों से पैसे निकाले। इस साजिश का मास्टरमाइंड रिभव ऋषि था।

### कमेटी को एक माह में देनी होगी रिपोर्ट

आइडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्माल फाइनांस बैंक में हुए घोटाले में अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने चार वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी गठित कर दी है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और सीनियर आइएएस अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता की कमेटी को एक महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी होगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा गठित चार सदस्यीय कमेटी में आइएएस अनीश यादव, आइआरपीएस विनय कुमार और एचसीएस सतीश कुमार को शामिल किया गया है।

### दोषी को नहीं बख्शा जाएगा

डीजीपी चावला ने बताया कि अधिकारियों से यह भी पूछा गया है कि पंचकूला में शाखा होने के बावजूद खाते चंडीगढ़ शाखा में क्यों खुलवाए गए। जवाब में ट्राईसिटी क्षेत्र का हवाला दिया गया, लेकिन एसीबी ने स्पष्ट किया है कि जांच में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। उनके बैंक खातों की विस्तृत जांच की जाएगी और मोबाइल फोन के माध्यम से यह भी खंगाला जाएगा कि वे किन-किन अधिकारियों के संपर्क में थे।

# बद्दी से बदायूं जा रही बस पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा

## बिना परमिट संचालन पर 44,500 का चालान, इंपाउंड

- रामगढ़ के समीप पीछा कर पकड़ा, ऑवरलोड भी मिली बस

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 25 फरवरी।** पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज सूरजपुर ट्रैफिक पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में बद्दी (हिमाचल प्रदेश) से बदायूँ (उत्तर प्रदेश) वाया मढ़ावाला संचालित हो रही एक निजी बस को बिना वैध परमिट के चलते हुए पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार, सूरजपुर ट्रैफिक थाना के एसएचओ अभिषेक को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि एक निजी बस अवैध रूप से बिना परमिट के यात्रियों को ले जा रही है। सूचना मिलते ही एसएचओ अभिषेक के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उक्त बस का पीछा किया और उसे रामगढ़ के समीप सफलतापूर्वक रोक लिया।

पुलिस टीम द्वारा मौके पर बस के दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बस चालक के पास रूट पर संचालन के लिए कोई भी वैध परमिट मौजूद नहीं था। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने बस के विरुद्ध 44,500 रुपये का भारी-भरकम चालान काटा। इसके साथ ही, बस को नियमानुसार जब्त कर इंपाउंड कर लिया गया है।

**डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन :** यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ और नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना वैध परमिट के बसें चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सड़क पर जोखिम भी पैदा करता है। हमारी टीम मुस्तैद है और इसी महीने हमने ऐसी 4 बसों को जब्त किया है।ट्रैफिक पुलिस ने सभी वाहन मालिकों और संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज, विशेषकर परमिट, फिटनेस और बीमा, पूर्ण रखें। नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा।

### भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

# प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य सशक्त राष्ट्र बनाना है : अजय मित्तल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 25 फरवरी।** भाजपा मुख्यालय पंचकमल के अटल सभागार में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश पदाधिकारी जवाहर सैनी और भारत भूषण जुयाल ने बतौर वक्ता कार्यशाला में आये ि?ले के प्रमुख पदाधिकारियों को प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में जिला प्रभारी रवि बतान, अभियान के जिला संयोजक कुलभूषण गोयल,



जिला सह संयोजक सुरेश वर्मा, भवनजीत सिंह, संयोजिका बबली शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, कालका नगर परिषद् चेयरमैन कृष्ण लाम्बा, जिला पदाधिकारी, मंडलो के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा, प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य व्यक्ति को सक्षम बनाना, संगठन को मजबूत करना और राष्ट को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा, नेतृत्व एक दिन में तैयार नहीं होता, यह निरंतर सीखने, अनुशासन प्रियता और अनुभव से विकसित होता है। प्रशिक्षण हमें सही सोच, स्पष्ट दृष्टि, आत्मविश्वास और संगठित होकर जिम्मेदारी निभाना सिखाता है। अजय मित्तल ने कहा, जब हम व्यक्तिगत सोच से ऊपर उठकर सामूहिक सोच अपनाते हैं, तभी बड़े लक्ष्य हासिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में बतौर वक्ता बोलते हुए जवाहर सैनी ने कहा, प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से पार्टी के 14 करो? कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। जवाहर सैनी ने बताया कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल के मध्य पंचकूला ि?ले के दोनों विधानसभाओ के सभी 9 सांगठनिक मंडलो में प्रशिक्षण कार्यशाला का दो दिवसीय आयोजनं किया जायेगा। डिजिटल प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जवाहर सैनी ने कार्यशाला के दौरान करणीय कार्यो के बार में जानकारी दी।

# नगर निगम ने जूनियर इंजीनियरों को वार्ड स्तर पर अधिक जिम्मेदारी सौंपी

- आयुक्त विनय कुमार ने प्रशासनिक सुधारों के तहत जमीनी स्तर पर निगरानी को किया मजबूत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 25 फरवरी।** फील्ड स्तर पर मॉनिटरिंग को मजबूत करने और सर्विस डिलीवरी में सुधार के उद्देश्य से एक अहम प्रशासनिक सुधार करते हुए नगर निगम पंचकूला ने एक कार्यालय आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत जूनियर इंजीनियर (सिविल) को उनके संबंधित वार्डों के लिए अधिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

नगर निगम आयुक्त श्री विनय कुमार के निर्देशों पर जारी आदेश के अनुसार,



### वार्ड स्तर पर जवाबदेही बढ़ेगी

वे स्ट्रीटलाइट एवं उससे जुड़े बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिए इलेक्ट्रिकल शाखा के साथ समन्वय सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम का मानना है कि इस कदम से वार्ड स्तर पर जवाबदेही बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इस कदम का उद्देश्य कार्यों के निष्पादन में अधिक निरंतरता सुनिश्चित करना, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना और वार्ड स्तर पर स्पष्ट जवाबदेही तय करना है। जूनियर इंजीनियरों को अधिक पर्यवेक्षणीय अधिकार और समन्वय की जिम्मेदारियां सौंपकर निगम का लक्ष्य विभिन्न शाखाओं के बीच कामकाज को सुगम बनाना तथा अलग-अलग स्तर पर होने वाली निगरानी के कारण उत्पन्न देरी को समाप्त करना है।

जूनियर इंजीनियर अब वार्ड स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। वे नगर निगम से जुड़े आवश्यक कार्यो के समन्वय और पर्यवेक्षण के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

उनकी जिम्मेदारियों में सिविल विकास कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाना और उनकी निगरानी करना, सड़कों, नालियों, फुटपाथ और सीवरेज से संबंधित कार्यों का रखरखाव सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा बागवानी प्रबंधन के तहत छंटाई और खरपतवार हटाने जैसे कार्यो की देखरेख भी वे करेंगे। जूनियर इंजीनियर प्लानिंग एवं बिल्डिंग शाखा के साथ समन्वय कर अतिक्रमण की निगरानी करेंगे और पॉलीथीन प्रतिबंध सहित नगर निगम के नियमों को लागू कराने में भूमिका निभाएंगे।

संबंधित शाखाओं के साथ मिलकर एनिमल बर्थ कंट्रोल गतिविधियों का समन्वय, सफाई व्यवस्था और घर-घर से कचरा संग्रहण की निगरानी भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

# चाइल्ड एवं एडोलसेंट लेबर उन्मूलन हेतु पैन-इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन अभियान जारी : अजय कुमार घनघस

**पंचकूला।** अजय कुमार घनघस, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सेक्रेटरी, एडीआर सेंटर, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पंचकूला ने बताया कि जस्टिस लिसा गिल, चेयरपर्सन, हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, और श्री जगदीप सिंह लोहान, मेंबर सेक्रेटरी, हलसा के निर्देशों के अनुसार, जिले में चाइल्ड एंड एडोलसेंट लेबर को खत्म करने के लिए पैन-इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन (जनवरी से मार्च 2026) चलाया जा रहा है।

श्री घनघस ने कहा कि इस कैंपेन का मकसद चाइल्ड एंड एडोलसेंट लेबर में लगे बच्चों की पहचान करना, उन्हें रेस्क्यू करना और उनका रिहैबिलिटेशन करना है, और चाइल्ड लेबर के बुरे असर के बारे में समाज में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि हर बच्चे को शिक्षा, सम्मान और सुरक्षित बचपन का बुनियादी अधिकार है, और चाइल्ड प्रोटेक्शन कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, पंचकूला, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, लेबर डिपार्टमेंट, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, फूड एंड सिविल सप्लाई कंट्रोलर, और बचपन बचाओ आंदोलन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स (छ्नअस्न), पंचकूला के साथ मिलकर यह कैंपेन चला रही है। जॉइंट टीमें बाल मजदूरी के मामलों को रोकने के लिए जिले भर में अलग-अलग जगहों पर इंस्पेक्शन और सरप्राइज रेड कर रही हैं। आज कैंपेन के दौरान, डीटीएफ पंचकूला ने डिस्ट्रिक्ट पंचकूला के कालका और पिंजौर इलाकों में एक स्पेशल रेड की। टीम की संयुक्त प्रयासों की वजह से, तीन बच्चों को अलग-अलग जगहों से बचाया गया, जहाँ वे मजदूरी करते पाए गए थे। संबंधित पुलिस स्टेशन में तुरंत डीडीआर दर्ज की गई, और मालिकों के खिलाफ ज़रूरी कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। इसके बाद, बचाए गए बच्चों को उनकी फिजिकल हेल्थ सुनिश्चित करने के लिए सरकारी हॉस्पिटल में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया।

# हरियाणा बोर्ड परीक्षा : पंचकूला में पुलिस का सख्त पहरा, 23 परीक्षा केन्द्रों पर 230 पुलिसकर्मी रहे तैनात

- पूरी तरह निष्पक्ष रुप से संपन्न हुई परीक्षा, अधिकारियों ने किया परीक्षा केन्द्रों का दौरा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूल, 25 फरवरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (भिवानी) द्वारा आयोजित की जा रही 10वीं, 12वीं और डी.एल.एड की वार्षिक परीक्षाओं को देखते हुए पंचकूला पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। परीक्षा के पहले दिन ही जिला पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजामों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित की। परीक्षाओं को नकल मुक्त, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पंचकूला जिला पुलिस ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। परीक्षा के पहले दिन पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। पंचकूला के पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज के दिशा-निर्देशों पर जिले के सभी 23 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में कुल 230 पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से तैनात किया गया है। इसमें महिला पुलिसकर्मियों की भी उचित भागीदारी सुनिश्चित की गई है ताकि छात्राओं की जांच और सुरक्षा में कोई बाधा न आए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर के दायरे में बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, ताकि बाहरी हस्तक्षेप की किसी भी संभावना को खत्म किया जा सके।

परीक्षा के पहले दिन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए डीसीपी व एसीपी स्तर के अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न केंद्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने केंद्र अधीक्षकों के साथ समन्वय स्थापित किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पुलिस की पीसीआर, राइडर और ईआरवी टीमों को विशेष रूप से अलर्ट पर रखा गया है, जो परीक्षा केंद्रों के आसपास लगातार गश्त कर रही हैं। पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पहले दिन की परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही और जिले में नकल का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

जोश | इजरायली संसद में भारत के पीएम का जबरदस्त अभिवादन

# मोदीमय हुआ इजराइल का नेसेट, स्पीकर ने सबसे बड़े लोकतंत्र का वाहक बताया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**यरूशलम, 25 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में इजरायली सासंदों में गजब का उत्साह दिखा। जैसे ही पीएम मोदी संसद में दाखिल हुए सांसदों ने खड़े होकर अभिवादन किया फिर संसद मोदीमय हो गई और मोदी-मोदी के नारों से गूंज गई।

स्पीकर आमिर ओहाना ने पीएम मोदी को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का वाहक बताया और उन्हें दुनिया का महान नेता बताया। उन्होंने पीएम मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा, %नेसेट में आपका स्वागत है।

इससे पहले एक पल ऐसा भी आया जब नेसेट के एंट्रेंस से गुजरते हुए नेतन्याहू को पीएम मोदी के साथ इजरायल के मुश्किल पॉलिटिकल माहौल के बारे में मजाक करते हुए सुना गया। जिसमें वे



भारत की ÷डेढ़ अरब [लोगों] के देश के लिए तीस पार्टियां, और [इजरायल की] 10 मिलियन के लिए 13 पार्टियों÷ की तुलना करते हैं। आप हमारी समस्या देखते हैं? आप बेहतर हालत में हैं।÷ जवाब में पीएम मोदी हंसते हुए देखे गए।

इसके बाद भारतीय प्रीमियर नेसेट की ऑफिशियल गेस्टबुक पर साइन करने के लिए चागल हॉल में रुके। हॉल में ही, नेतन्याहू और मोदी इज़राइली और भारतीय झंडे लहराते हुए उत्साही बच्चों के एक ग्रुप का अभिवादन किया।

### मोदी ने इजराइली संसद में हमास हमले की निंदा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइली संसद को संबोधित करते हुए इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। मोदी ने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय और भविष्य में भी पूरे विश्वास के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि किसी भी वजह से आम नागरिकों की हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता और आतंकवाद को किसी भी हाल में जायज नहीं ठहराया जा सकता। मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए। मोदी से पहले इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को दुनिया का सम्मानित नेता बताया। इससे पहले नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन के साथ पीएम का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया।

मुयमंत्री भगवंत सिंह मान ने किसानों को दिया बड़ा तोहफ़ा, मालवा क्षेत्र के चार ज़िलों तक पहुंचा नहर का पानी

# कांग्रेस व अकाली दल ने दूसरे राज्यों को पानी देने के समझौते कर पंजाब को धोखा दिया: मान

■ **मालवा क्षेत्र की लाइफलाइन मानी जाने वाली फिरोजपुर फीडर नहर, फरीदकोट, फिरोज़पुर, श्री मुक्तसर साहिब और फाजिल्का जिलों के लिए वरदान साबित होगी**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**मक्खू।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज फिरोजपुर फीडर नहर के रेनोवेशन के पहले फेज़ का उद्घाटन किया और इसे किसानों के लिए एक ऐतिहासिक तोहफ़ा बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम भविष्य में पंजाब के पानी को बचाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। इस नहर को मालवा क्षेत्र की लाइफलाइन बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह प्रोजेक्ट फिरोजपुर, फरीदकोट, श्री मुक्तसर साहिब और फाजिल्का जिलों के लिए वरदान सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से सिंचाई की क्षमता बढ़ी है, जिससे पंजाब के खेतों तक नहर का पानी और पहुंचेगा। 180 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट से इस नहर की क्षमता 2681 क्यूसिक बढ़ गई है, जिससे इसकी क्षमता 11,192 क्यूसिक से बढ़कर 13,873 क्यूसिक हो गई है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछली सरकारें 74 साल तक नहर की कैपेसिटी बढ़ाने या कंक्रीट लाइनिंग करने में नाकाम रहीं, लेकिन मौजूदा सरकार ने ज़मीनी स्तर पर बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी, तब पंजाब के खेतों तक सिर्फ़ 21प्रतिशत नहरी पानी पहुंचता था,जबकि आज यह 68 प्रतिशत पहुँच रहा है7 जिससे पूरे राज्य में सिंचाई सिस्टम में बड़ा सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने आज फिर कहा कि पंजाब के पास किसी और को देने के लिए सरप्लस पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब का हित सबसे ऊपर है और किसी दूसरे राज्य को पानी की एक बूंद भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अकाली दल की सरकारों ने दूसरे राज्यों को पानी देने के एग्रीमेंट करके पंजाब के साथ धोखा किया है। उन्होंने अकाली दल पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी को कमेटी बनाने के लिए 11 सदस्य नहीं मिल रहे, वह पंजाब में 117 सीटें जीतने का सपना देख रही है। इस



अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷आज पंजाब के लोगों, विशेष रूप से मालवा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और खुशी का दिन है। फिरोजपुर फीडर नहर, जिसे मालवा क्षेत्र के कई जिलों की लाइफलाइन माना जाता है, के नवीनीकरण के पहले फेज का आज उद्घाटन हो रहा है।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷नवीनीकरण से यह नहर इंसानों, जानवरों और ?ृषि क्षेत्र की पानी की जरूरतों को पूरा करके वरदान सिद्ध होगी।÷ मुख्यमंत्री ने कहा, ÷पहले फेज़ पर 180 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। मैं उन इंजीनियरों, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने 35 दिनों के अंदर युद्ध स्तर पर नहर की 15 किलोमीटर लाइनिंग पूरी की।÷ उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए कुल 126 सरकारी कर्मचारी और 4,000 कर्मचारी लगाए गए थे। उन्होंने कहा, ÷पहले फेज़ के उद्घाटन के साथ ही नहर की कैपेसिटी 2,681 क्यूसिक बढ़ गई है। पहले नहर की कैपेसिटी 11,192 क्यूसिक थी, जो अब बढ़कर 13,873 क्यूसिक हो गई है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, ÷नहर की गहराई 18 फीट से बढ़ाकर 21 फीट और नहर की चौड़ाई 163 फीट से बढ़ाकर 180 फीट कर दी गई है।÷ हरिके हेडवर्क्स से शुरू होने वाली यह नहर फिरोजपुर, फरीदकोट, श्री मुक्तसर साहिब और फाजिल्का के चार जिलों के क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा देती है। ÷इस नहर के रेनोवेशन से इन चार जिलों के 14 ब्लॉक गिद्दड़बाहा, मक्खू, ममदोट, बल्लूआना, जलालाबाद, गुरु हर सहाय, अरनीवाला, खुइयां सरवर, लंबी, मलोट, फाजिल्का, मुक्तसर और फिरोजपुर को सीधा लाभ होगा।÷ मुख्यमंत्री ने कहा, ÷इस नहर की रीलाइनिंग से 6,45,200 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई का पानी मिलेगा। अब इंटरनेशनल बॉर्डर से लगे बॉर्डर क्षेत्र विशेष तौर पर फाजिल्का और जलालाबाद को फिरोजपुर फीडर से पानी मिलेगा।÷ उन्होंने कहा कि पहले हुसैनीवाला हेडवर्क्स से फीडर के माध्यम से पानी पाकिस्तान जाता था और गंदा पानी पाकिस्तान के कसूर शहर के पास बहने वाली सतलुज नदी में छोड़ा जाता था, जो फिर देश में आ जाता था। उन्होंने कहा कि ÷सीमावर्ती गांवों में गंदा पानी आता है लेकिन अब ग्राउंडवाटर बढ़ाने और गांवों को साफ पानी देने के लिए वॉटर रिचार्ज सिस्टम शुरू किया गया है।÷ नहरों के रेनोवेशन के पहले के कार्यों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷पिछले साल सरहिंद फीडर, जो फिरोजपुर फीडर सिस्टम का हिस्सा है, की लाइनिंग का काम पूरा हुआ था।

फिरोजपुर फीडर की रीलाइनिंग से सरहिंद फीडर की कैपेसिटी बढ़ेगी, जिससे पानी की कमी की समस्या हमेशा के लिए हल हो जाएगी।÷ उन्होंने आगे कहा कि फिरोजपुर फीडर नहर 1952 में बनी थी और पिछले 74 सालों में पिछली सरकारों ने इसकी कैपेसिटी बढ़ाने या कंक्रीट लाइनिंग करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷नहर का मौजूदा स्ट्रक्चर खराब था, जिसकी वजह से खरीफ सीजन में करीब 1,000 क्यूसिक पानी की कमी हो जाती थी और नहरों को रोटेशनल बेसिस पर चलाना पड़ता था। यह नहर रेनोवेशन प्रोजेक्ट मालवा क्षेत्र के किसानों की आर्थिक खुशहाली में अहम योगदान देगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷राज्य सरकार ने नहर सिस्टम को फिर से शुरू करने के लिए 6,500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और पहली बार राज्य के 1365 गांवों को नहर का पानी मिला है।

### पंजाब का पानी पंजाब के लिए–एक बूंद भी बाहर नहीं जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आप सरकार सत्ता में आई थी, तब राज्य में सिंचाई के लिए नहर के पानी का सिर्फ़ 21 प्रतिशत उपयोग हो रहा था। 'आज, सिंचाई के लिए नहर के पानी का 68 प्रतिशत उपयोग हो रहा है और आने वाले धान के मौसम तक इसे बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि अंतिम शोर तक पानी पहुंचाने के लिए 6,900 किलोमीटर लंबाई के 18,349 रजवाहों को फिर से चालू किया गया है। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, जिन नेताओं के घर तक नहरी समाप्त हो जाती थी , उन्होंने कभी इसकी चिंता नहीं की। किस तरह के निर्णय मात्र वही नेता ले सकते हैं जिन्हें ज़मीनी हकीकत पता हो, न कि वे जो पहाड़ों पर कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़े हों। उन्होंने आगे कहा, ये पुरानी राजनीतिक पार्टियां गद्दार थीं जो कभी राज्य और उसके लोगों के प्रति वफ़ादार नहीं रहीं। उन्होंने लोगों को याद दिलाया, जिन लोगों ने सतलुज-यमुना लिंक नहर एग्रीमेंट पर साइन किए और उसके सर्वे की इजाज़त दी, उनके हरियाणा में बड़े-बड़े रिसॉर्ट हैं, जबकि दूसरा जिसने उस समय के प्रधानमंत्री को कट लगाने के लिए चांदी की कही( फाबड़ा )दिया था, आज खुद को पानी दा राखा कहता है। इन लोगों ने अपने निजी राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य के हितों को नज़रअंदाज़ किया और इसीलिए राज्य के लोगों ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया। अकाली दल की पंजाब बचाओ यात्रा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, इस ड्रामे का असली नाम परिवार बचाओ यात्रा है। 15 साल तक राज्य को लूटने के बाद, वे किससे राज्य बचाने की कोशिश कर रहे हैं?

## विचाराधीन कैदी की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम, की नारेबाजी

**होशियारपुर, 25 फरवरी।** पंजाब के होशियारपुर में एक विचाराधीन कैदी की मौत के बाद बुधवार को उसके परिजनों और समर्थकों ने यहां क्लॉक टॉवर पर धरना दिया और लगभग दो घंटे तक वाहनों की आवाजाही रोकी।

अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान वाल्मीकि मोहल्ला निवासी मुनीश भट्टी के रूप में हुई है। बुधवार सुबह सेंट्रल जेल से स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। वाल्मीकि मोहल्ला के निवासियों और भट्टी के समर्थकों ने वाल्मीकि सभा के जिला युवा अध्यक्ष ऋष्षु आदिया, पूर्व नगर पार्षद मोहन लाल पहलवान और चिंटू हंस के नेतृत्व में धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने जेल अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

उनका दावा है कि भट्टी की तबीयत बिगड़ने के बावजूद उसे समय पर चिकित्सा उपचार नहीं दिया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और सेंट्रल जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सेंट्रल जेल के पुलिस उपाधीक्षक मनजीत सिंह ढिल्लों के अनुसार, विचाराधीन कैदी ने सुबह घबराहट की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे तुरंत सरकारी अस्पताल, होशियारपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से लड़ रही पंजाब पुलिस : सीएम मान

● **जालंधर में 2,577 नए पुलिस जवानों को औपचारिक रूप से पंजाब पुलिस में शामिल किया**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**जालंधर, 25 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि सीमावर्ती राज्य होने के नाते पंजाब को हर रोज पाकिस्तान की ओर से समाज विरोधी तत्वों और ड्रोन घुसपैठ के जरिए प्रदेश का माहौल खराब करने के लिए रचे जा रहे नापाक मंसूबों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा के लिए डटकर पहरा दे रही है और पंजाब पुलिस सिर्फ पंजाब की ही



नहीं बल्कि पूरे देश की पुलिस है, जो अपना कर्तव्य निभा रही है।

प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज जालंधर के पी.ए.पी. ग्राउंड में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान 2,577 नए पुलिस जवानों को औपचारिक रूप से पंजाब पुलिस में शामिल किया। मुख्यमंत्री की इस पहल ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार की दोहरी प्रतिबद्धता को दर्शाया। पंजाब पुलिस की भर्ती मुहिम को 'आप' सरकार की रोजगार क्रांति का अहम हिस्सा बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2022 से अब तक 12,010 से अधिक पुलिस जवान नियुक्त किए गए हैं। वैज्ञानिक तरीकों पर फोर्स को अपग्रेड करने के लिए 1100 करोड़ रुपये रखे गए हैं और साइबर अपराध, आतंकवाद तथा नशों का मुकाबला करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, विशेष तकनीकी यूनिट और मजबूत एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स सहित अत्याधुनिक कदम उठाए जा रहे हैं। 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान के तहत 50,238 गिरफ्तारियों और सड़क सुरक्षा फोर्स द्वारा बचाई गई 46,399 जिंदगियों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि पंजाब में रिकॉर्ड भर्ती, तेजी से तकनीकी अपग्रेडेशन और अपराध के विरुद्ध बेमिसाल कार्रवाई हो रही है।

## जाली दस्तावेजों से काउंसलर की नौकरी लेने वाला शंकर सिंह काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार विरुद्ध जीरो टालरैंस पहुंच अपनाते हुए विजीलैंस ब्यूरो पंजाब ने आज सिविल अस्पताल बरेटा जिला मानसा के नशा छुड़ाओ केंद्र में तैनात शंकर सिंह काऊंसलर को जाली डिग्री/ सर्टिफिकेट के आधार पर काऊंसलर की नौकरी हासिल करने के दोष में गिरफ्तार किया है। आज यहां यह जानकारी सांझी करते विजीलैंस ब्यूरो पंजाब के वक्ता ने बताया कि शिकायत की जांच करने के बाद दोषी काऊंसलर शंकर सिंह, निवासी गांव भून्दड़ भैनी, तहसील मूनक, जिला संगरूर विरुद्ध कार्यवाही की गई। साल 2023 में एक निजी कंपनी इनोविजन लिमटिड के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किए गए काऊंसलर और कंप्यूटर आपरेटरों की डिग्रीयां/ सर्टीफिकेटों की सिविल सर्जन, मानसा के दफ्तर द्वारा तस्दीक करवाई गई और यह पाया गया कि उक्त ने जाली डिग्री/ सर्टिफिकेट के आधार पर काऊंसलर की नौकरी प्राप्त की थी।

उसके विरुद्ध पुलिस स्टेशन विजीलैंस ब्यूरो रेंज बठिंडा में अलग- अलग धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है और मामले की आगे वाली जांच जारी है।

मंत्रियों ने आने वाले गेहूं खरीद सीजन के प्रबंधों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

## सभी भाईवालों की भलाई के लिए निर्विघ्न खरीद सीजन यकीनी बनाई जाए

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** फसल खरीद सम्बन्धित तैयारियों की निगरानी के लिए गठित मंत्री समूह( जीओएम) जिसमें कृषि और किसान भलाई मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां, खुराक, सिविल स्पलाई और खपतकार मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक्क, जल स्त्रोत मंत्री बरिन्दर कुमार गोयल और परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर शामिल है, ने आज आने वाले गेहूं खरीद सीजन 2026- 27 की व्यापक समीक्षा करने के लिए मीटिंग की।

मंत्री समूह को इस मौके बताया गया कि गेहूं खरीद सीजन 1 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है और खुराक, सिविल स्पलाई और खपतकार मामले द्वारा विभाग लगभग 132 लाख



मीट्रिक टन ( एल.एम.टी.) उपज की खरीद की जाएगी। इसके इलावा कम-से-कम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भंडारन की जगह के मुद्दे सम्बन्धित मंत्री समूह के ध्यान में यह लाया गया कि भारतीय खुराक निगम की तरफ से अगस्त 2025 से अब तक हर महीने 5 एल.एम.टी. गेहूं और 5 एलएमटी चावल की ढुलाई की जा रही है, जबकि 2026- 27 के सीजन में खरीदी जाने वाली गेहूं के लिए उचित स्टोरेज स्पेस को यकीनी बनाने के लिए हर महीने कम-से-कम 15 एलएमटी गेहूं के उठान की जरूरत है। मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने इस सम्बन्ध में समय समय पर और हाल ही में भी जोरदार ढंग के साथ केंद्र सरकार के पास मुद्दा उठाया गया है। इसके इलावा आने वाले सीजन के सम्बन्धित गेहूं की सुरक्षित स्टोरेज को यकीनी बनाने के लिए विभाग पलिंथ बनाने और चावल मीलों में खाली स्थानों का प्रयोग करने पर विचार कर रहा है। इसके इलावा जिला प्रशासनों के साथ खरीद प्रबंधों की नियमित समीक्षा की जा रही है। डीएफएससी द्वारा संकटकाली योजनाओं और परिवर्तनी प्रबंध तैयार करने के लिए एफ.सी.आई. के जिला मैनेजरों के साथ तालमेल किया जा रहा है।

सीजन दौरान निर्विघ्न खरीद को यकीनी बनाने के लिए जरूरी अन्य वस्तुओं सम्बन्धित 391320 प्लास्टिक के करेट के लिए आर्डर जारी किए गए है, जिनमें से 231055 प्राप्त हो चुके है जबकि बाकी मार्च तक प्राप्त हो जाएंगे। इसके इलावा, 675000 लकडी के करेट की स्पलाई के लिए आर्डर दिए गए है और गेहूं को सुरक्षित ढंग के साथ स्टोर करने के लिए जरुरी एलपीईडी कवर भी उपलब्ध हैं। आढतियों की तरफ से कमिशन की दरों 45 रुपए प्रति क्विंटल से बढा कर 64 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग सम्बन्धित मंत्री समूह के यह भी ध्यान में लाया गया कि सूबा सरकार द्वारा प्रत्येक संभव मौके पर केंद्र सरकार के पास यह मामला जोर शोर के साथ उठाया जा रहा है।

खरीद प्रक्रिया के साथ जुडे प्रत्येक हिस्सेदारी की भलाई के लिए राज्य सरकार की वचनबद्धता को दोहराते हुए मंत्री समूह ने अधिकारियों को हर कदम पर पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न खरीद सीजन यकीनी बनाने के निर्देश दिए।

## पंजाब सरकार फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों के लिए 5358 लाभपातरियों को 395 करोड़ की सब्सिडी जारी : गुरमीत खुड्डियां

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के कृषि और किसान भलाई मंत्री स.गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज बताया कि राज्य को पराली जलाने की घटनाओं को पूरी तरह मुक्त बनाने की दिशा की तरफ अहम कदम उठाते मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की तरफ से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आधुनिक फसल अवशेष प्रबंधन ( सीआरएम) मशीनों की खरीद के लिए 395 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई है।

इस सम्बन्धित जानकारी सांझी करते स.खुड्डियां ने कहा कि पंजाब सरकार की तरफ से ग्राम पंचायतों, कस्टम हायरिंग सैंटरों ( सीएचसी), व्यक्तिगत किसानों और स्पलाई चेन



सहित 5358 लाभपातरियों को सीआरएम मशीनों की खरीद पर 50 फीसद से 80 फीसद तक सब्सिडी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन-सीटू और एक्स- सीटू प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है जो पराली जलाने के मामलों को कम करने और किसानों की आमदन बढ़ाने प्रति राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को उजागर करता है।

अन्य विवरन सांझा करते स.खुड्डियां ने व्यापक बांट नैटवर्क का जिक्र किया, जो मशीनरी की किसानों तक आसान पुहंच को यकीनी बनाता है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए किफ़ायती पहुंच को यकीनी बनाने के लिए राज्य भर में 66 सहकारी सभाओं की तरफ से 1151 नए कस्टम हायरिंग सैंटर (सी.एच.सी.) स्थापित किए गए। इसमें 1042 ग्रामीण उद्मी शामिल है, जो स्थानीय उद्यम को चला कर योजना को मजबूत आधार देते है, 28 किसान उत्पादक संगठन ( एफ.पी.ओ.) पैमाने की आर्थिकता को बढ़ाते है और 15 ग्राम पंचायतों गांव स्तर पर भाईचारक तौर पर हल यकीनी बनाती है।

सीधी मालकी को बड़ा बढावा देते इस योजना ने 4181 व्यक्तिगत किसानों को भी आधुनिक, कुशल सीआरएम मशीने प्रदान करके लाभ पहुंचाया है।

## फाजिल्का में सरहद पार चल रहे तस्करी नैटवर्क का पर्दाफाश; 2.1 किलोग्राम हेरोइन, 7 पिस्तौल सहित एक काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/ फाजिल्का।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा- निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए शुरु की मुहिम दौरान, स्टेट स्पैशल आपरेशन सैल ( एसएसओसी) फाजिल्का ने एक दोषी को 2.1 किलोग्राम हेरोइन और सात आधुनिक पिस्तौल सहित गिरफ्तार करके सरहद पार चल रहे नशीले पदार्थ और हथियार तस्करी माड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरनाम सिंह उर्फ गामा निवासी भंगे वाला ( झुग्गे किशोर सिंह वाला), फिरोजपुर के तौर पर हुई है। बरामद किए गए हथियारों में एक 9 एमएम गलौक और चार .30 बोर के पिस्तौल और दो 9 एमएम पिस्तौल शामिल है। इसके इलावा 10 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए है। पुलिस टीमों ने उसका हीरो डीलक्स मोटरसाईकल, जिसका प्रयोग नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए किया जा रहा था, भी जब्त कर लिया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि हेरोइन और हथियारों की यह खेप पाकिस्तान स्थित तस्करों की तरफ से ड्रोन के द्वारा राज्य में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि इस मामले के अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए ओर जांच जारी है। इस आप्रेशन बारे जानकारी देते, एआईजी एसएसओसी फाजिल्का नरेश कुमार डोगरा ने बताया कि भरोसेयोग्य सूचना पर कार्यवाही करते, एसएसओसी फाजिल्का की टीमों ने जलालाबाद क्षेत्र में एक विशेष आप्रेशन चलाया और आरोपी को फाजिल्का के गांव बाघे के उत्तर के पास से उस समय काबू किया, जब वह अपने मोटरसाईकिल पर जा रहा था।

मान सरकार का 0 से 6 साल के बच्चों के भविष्य के लिए बड़ा कदम, 6110 आंगनवाड़ी पदो के लिए भर्ती

## योग्य स्टाफ के साथ मानक शिक्षा, पोषण व देखभाल यकीनी : डा. बलजीत कौर

■ **बच्चा- केंद्रित नीति के साथ आंगनवाड़ी सैंटरों को किया जा रहा मजबूत**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने कहा है कि मुख्य मंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार 0 से 6 साल के बच्चों के सर्वपक्षीय विकास और प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए उचित और दूरगामी कदम उठा रही है। इसी उदेश्य की पूर्ति के लिए पंजाब सरकार द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों और आंगनवाड़ी हैलपरों के कुल 6110 पदों को भरने के लिए आनलाइन आवेदनों की मांग की गई है।

इस सम्बन्धित ओर जानकारी सांझा करते सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री ने बताया कि कुल 6110 पदों में से 1316 पद आंगनवाड़ी वर्करों और 4794 पद आंगनवाड़ी हैलपरों की है। उन्होंने कहा कि योग्य उम्मीदवार 11 मार्च 2026 रात 11.59 बजे तक अपने आवेदन आनलाइन संचित करवा सकते है।

उन्होंने बताया कि पहले इन पदों के लिए आवेदन देने की आखिरी तारीख 10 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसमें अब विस्तार किया गया है। इस अनुसार अब पंजाब राज्य की योग्य ( केवल स्त्रियों) उम्मीदवारों 25 फरवरी से 11 मार्च 2026 रात 11.59 बजे तक आनलाइन अप्लाई कर सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन sswcd. punjab. gov. in लिंक के द्वारा, निर्धारित फॉर्मेट और जरुरी दस्तावेजों सहित केवल आनलाइन मोड के द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे। अन्य किसी भी मोड के द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिन उम्मीदवारों की तरफ से इन पदों के लिए पहले ही अप्लाई किया गया है, उनको फिर से आवेदन देने की जरूरत नहीं। हालांकि जिन उम्मीदवारों के



आवेदन पहले दस्तावेजों की कमी कारण रद्द हुए थे, वह उम्मीदवार फिर से अप्लाई कर सकते है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 0 से 6 साल की आयु बच्चो की जिंदगी का सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण दौर होता है, जिस दौरान मिलने वाली शिक्षा, देखभाल और पोषण बच्चो के पूरे जीवन की मजबूत नींव बनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा, चाहे वह शहर में रहता हो या गांव में, एक सुरक्षित और उत्साह भरपूर माहौल का हकदार है और पंजाब सरकार यह यकीनी बना रहा है कि कोई भी बच्चा फिर साधनों की कमी कारण अपने सपनों से वंचित न रहे।

डा. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार का मुख्य उदेश्य प्रत्येक आंगनवाड़ी सैंटर में योग्य और काबिल स्टाफ की उपलब्धता यकीनी बनाना है, जिससे बच्चों को उच्च मानक शिक्षा, संतुलित पोषण और संवेदनशील देखभाल की सेवाएं उचित ढंग के साथ मुहैया करवाई जा सकें। इस भर्ती प्रक्रिया के साथ एक तरफ रोजगार के नए मौके उपलब्ध होंगे, दूसरे तरफ बच्चों के सर्वपक्षीय विकास के लक्ष्य को ओर मजबूती मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब के प्रत्येक जिले के शहरों, ब्लाकों और गांव स्तर पर चल रहे आंगनवाड़ी सैंटरों के द्वारा बच्चों को प्राईवेट प्ले-वे स्कूलों के समान गुणवत्ता वाली शिक्षा, उचित फर्नीचर और आधुनिक करीकुलम मुहैया करवाने के लिए पंजाब सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है।

## 15 हजार रिश्वत लेता एएसआई काबू



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरुद्ध शुरु किए अभियान दौरान, पुलिस चौकी कैलाश चौक, लुधियाना के इंचार्ज के तौर पर तैनात सहायक सब-इंस्पेक्टर जनक राज को 15, 000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है।

इस सम्बन्धित जानकारी देते आज यहां, स्टेट विजीलैंस ब्यूरो के एक सरकारी वक्ता ने बताया कि उक्त दोषी को सिविल लाईन, लुधियाना के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के भाई को एक मामले में गिर?तार किया गया था जिसमें आरोपी एएसआई जांच अधिकारी था। इस सम्बन्धित शिकायतकर्ता ने दोष लगाया कि जब वह थाने में अपने भाई को मिलने गया तो आरोपी एएसआई ने उसके गिरफ्तार भाई को मिलने बदले मौके पर ही उससे 10,000 रुपए की रिश्वत ली।

उन्होंने आगे बताया कि आरोपी एएसआई ने शिकायतकर्ता के भाई को और पुलिस रिमांड पर न रखने बदले एसएचओ के लिए दो लाख रुपए और अपने लिए पचास हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की मांग सम्बन्धित सारी बातचीत रिकार्ड कर ली।

शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था इसलिए उसने विजीलैंस ब्यूरो रेंज, लुधियाना के साथ संपर्क किया।

# मनरेगा योजना खत्म कर मजदूर-गरीब पर बड़ा प्रहार किया गया है : दीपेंद्र

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** आज जब एचपीएससी पर हरियाणा विधानसभा में एचपीएससी की कार्यप्रणाली पर काम रोको प्रस्ताव आया, तो उस समय विधानसभा की वीआईपी गैलरी में सांसद दीपेन्द्र हुड्डा समेत चार कांग्रेस सांसद जय प्रकाश, सांसद वरुण चौधरी, सांसद सत्यपाल ब्रह्मचारी उपस्थित थे। विधानसभा से बाहर आकर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में 'नॉट फाउंड सूटेबल' सरकार है। हरियाणा के युवा यूपीएससी, IIT, NET, JRF एवं अन्य बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉप कर लेते हैं लेकिन, एचपीएससी सोची-समझी साजिश के तहत अपनी परीक्षाओं में इन्हें अयोग्य ठहरा रहा है।

हर भर्ती में हरियाणवी युवाओं की उपेक्षा हो रही है और गैर-हरियाणवियों को नौकरी में प्राथमिकता दी जा रही है। हरियाणा में या तो ज्यादातर पद नॉट फाउंड सूटेबल का ठप्पा लगाकर खाली रखे जा रहे हैं या तो हरियाणा से बाहर के युवा लगाये जा रहे हैं। देश में ऐसा अन्याय कहीं नहीं हो रहा है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि एचपीएससी को भंग करके तमाम भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और 35त्न न्यूनतम अंक क्राईटेरिया हटाकर एचपीएससी के सारे खाली पदों का दोबारा से विज्ञापन की मांग की। उन्होंने कहा कि भर्तियों के नाम पर बीजेपी सरकार पिछले 12 साल से हरियाणा के युवाओं को ठग रही है। एचपीएससी भर्ती घोटाले, पेपर लीक, रिश्वतखोरी और हरियाणा के बाहर के लोगों को हरियाणा की नौकरी देने का अड्डा बन गये हैं। बीजेपी सरकार हर भर्ती में हरियाणवी युवाओं की उपेक्षा कर रही है और गैर-हरियाणवियों को नौकरी में प्राथमिकता दे रही है। हरियाणा में या तो ज्यादातर पद खाली रह जाते हैं या तो बाहर के युवा लग जाते हैं। देश में ऐसा अन्याय कहीं नहीं हो रहा है। सरकार कहती है कि बीजेपी राज में पर्ची और खर्ची नहीं चलती, जबकि हकीकत ये है कि पर्ची और खर्ची की बात करने वालों के राज में पर्चा और खर्चा चलता है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि एचपीएससी की भर्तियों में आरक्षित वर्गों को बाबा साहब के संविधान के तहत मिलने वाले आरक्षण के लाभ को बीजेपी सरकार बैक डोर से खत्म करने की साजिश कर रही है। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश की भर्ती में 60 में से 1 का चयन हुआ, 59 खाली छोड़ दी गयी। ओएससी की 60 में से 2 का चयन हुआ 58 खाली छो? दी गयी। पीजीटी कम्प्यूटर साईंस भर्ती में एससी के 342 पद खाली। 35 प्रतिशत शर्त लगाकर नॉट फाउंड सूटेबल लिख दिया जाता है। हर भर्ती में 60 से 70 सीटें खाली रखी जा रही है। जबकि कांग्रेस सरकार ने पिछली सरकारों का बैकलॉग भी भरने का काम किया था।

इससे पहले आज चंडीगढ़ में हरियाणा कांग्रेस द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों मनरेगा योजना को खत्म करने की साजिश, 14 लाख BPL कार्ड काटे जाने, एचपीएससी में अनियमितताओं, किसानों की उपेक्षा, बढ़ती बेरोजगारी और नौकरियों पर गहराते संकट के खिलाफ हरियाणा विधानसभा का शांतिपूर्ण घेराव किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रजातंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष में असहमति होना प्रजातंत्र का गहना है। विरोध करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। पहली बार ऐसा हुआ है कि नोटिस लगाकर कहा गया है कि प्रदर्शन की अनुमति नहीं देंगे।

आज प्रजातंत्र पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। क्योंकि भाजपा प्रजातंत्र में विश्वास नहीं रखती। हरियाणा पुलिस ने तमाम जिलों में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया गया, जो स्वीकार्य नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्हें इस बात का पता ही नहीं है। इससे स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार की डोर दिल्ली में किसी और हाथ में है। हरियाणा की सरकार दिल्ली के ईशारे पर चलती है। उन्होंने चेताया कि विपक्ष की आवाज कुचलने का प्रयास सत्तारूढ़ दल या उनके अधिकारी न करें। हम जोर शोर से जनता के अधिकारों के लिये संघर्ष करेंगे।

## एक नजर

### कांग्रेस को प्रदर्शन मर्यादा में रहकर करना चाहिए : गौरव गौतम

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में मंत्री गौरव गौतम ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि उनको प्रदर्शन मर्यादा में रहकर करना चाहिए। मंत्री गौरव गौतम का यह बयान उस वक्त आया है, जब हाल ही में एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्टलेस होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी भी हुई है। इस मामले में कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। बुधवार को हरियाणा कांग्रेस की ओर से विधानसभा घेराव का ऐलान भी किया गया। चंडीगढ़ में मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत और राज्यों में हो रही अच्छी चीजों का विरोध किया है। कांग्रेस का प्रदर्शन एक तरह से अराजक होता जा रहा है। मर्यादा में रहकर प्रदर्शन करना चाहिए, जनता के मुद्दे उठाने चाहिए, न कि अपनी स्वार्थ की राजनीति करनी चाहिए और मीडिया में सुर्खियों में रहने के लिए प्रोटेस्ट नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का शर्मनाक प्रदर्शन कांग्रेस के नेताओं ने दिल्ली के एआई समिट में किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। भारत की छवि को धूमिल करने की यह शर्मनाक हरकत थी। मुझे लगता है कि प्रदेश में भी इसी तरह कांग्रेस काम करती है, क्योंकि ऊपर से जो स्क्रिप्ट आती है, वह नीचे कांग्रेस उतारती है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि अब कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन रोकने हेतु हरियाणा की भाजपा सरकार की मदद में चंडीगढ़ पुलिस भी आ खड़ी हुई है। जिलों में हमारे नेताओं और साथियों को हाउस अरेस्ट किया और कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में ऐसे उलजलूल नोटिस और पुलिस भेज हमारे अध्यक्ष और साथियों को रोकने की साजिश कर रहे हैं। भाजपा सरकार का ये व्यवहार पूरी तरह कायराना है, तानाशाही है और असल में सरकार की गुंडागर्दी है। जान लें, सत्ता स्थायी नहीं पर जनता बलवान है और लोगों की आवाज दबाने की सजा सत्ता की शहतीर पर बैठे हुक्मरानों को अवश्य मिलेगी। कांग्रेस के साथी न रुकेंगे, न झुकेंगे।

### इंग्लिश एप्टीट्यूड परीक्षा में जूनियर व सीनियर विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**भिवानी.** स्थानीय विवेकानंद हाई स्कूल, हनुमान ढाणी में सामाजिक संस्था सदाचारी शिक्षा समिति, श्री बाला कोचिंग प्रशिक्षण केंद्र तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में एसएससी, यूपीएससी व सीजीएल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर अंग्रेजी बौद्धिक प्रतिभा (इंग्लिश एप्टीट्यूड) परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से दसवीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय में समझ, तार्किक क्षमता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रारंभिक तैयारी को मजबूत करना रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर जूनियर एवं सीनियर वर्ग में शीर्ष 10-10 विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में दीक्षा ने गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि इशिका और रोनित को सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। वहीं काम्या, सचिन, राशि, मन्नू, कीर्ति, दिव्यांशु, आरोही और लक्ष्य को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग में अश्वनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रियांशी और पारुल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए। इसके अतिरिक्त भावना, शिवा, सुविधा और मानवी को ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सर्व ग्रामीण हरियाणा बैंक के मैनेजर भूपेंद्र वर्मा तथा विद्यालय की निदेशक सावित्री यादव ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करती हैं। प्रतियोगिता के संयोजक मास्टर कपिल वर्मा एवं सहयोगी राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को निखारने के साथ उन्हें भविष्य की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### एक संदेश पर अनजान की जान बचाने पहुंचे देवदूत, 6 युवाओं ने किया रक्तदान



**भिवानी.** इंसानियत आज भी जिंदा है और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भिवानी के स्व्स्त्र अस्पताल में देखने को मिला। चरखी दादरी जिले के साव गांव के एक मरीज के लिए छह युवाओं ने देवदूत बनकर न केवल रक्तदान किया, बल्कि एक अनजान व्यक्ति को नया जीवनदान भी दिया। मिली जानकारी के अनुसार, साव निवासी एक मरीज भिवानी के एसएमएसजी अस्पताल में उपचाराधीन था। रक्त की सख्त जरूरत होने के कारण परिजन काफी परेशान थे और लगातार मदद की गुहार लगा रहे थे। जब इसकी सूचना शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा को मिली, तो उन्होंने बिना समय गंवाए सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से एक संदेश प्रसारित किया। राजेश डुडेजा के एक छोटे से संदेश पर मानवता की सेवा का जज्बा लिए छह युवा तुरंत अस्पताल पहुंचे। रक्तदान करने वालों में बृज मोहन, फूल चंद, ईश्वर सिंह, अनिल लांबा, जितेन्द्र और शुभम शामिल रहे। इन युवाओं ने निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर यह साबित कर दिया कि समाज में आपसी सहयोग और सेवा भावना से बढ़कर कुछ नहीं है। मरीज के परिजनों ने इन सभी रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब वे चारों ओर से निराश हो चुके थे, तब इन युवाओं ने समय पर आकर उनकी मदद की।रक्तवीर मनीष वर्मा ने युवाओं के इस जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए ताकि किसी की जान बचाई जा सके। इस अवसर पर लेब टेक्निशयन मोहित व केशव ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया.

**तुम्हारी दुआओं से ही मैं जिंदा हूँ, वरना मैं तो धरती का छोटा सा परिंदा हूं...**

## कार्यकर्ताओं के बीच अनिल विज ने गुनगुनाई पंक्तियां



**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के अंबाला स्थित आवास पर उनका हालचाल जानने के लिए उनके आवास पर प्रदेशभर से नेताओं, विभिन्न संस्थाओं एवं उनके प्रशंसकों का दिनभर तांता लगा रहा। ऊर्जा मंत्री अनिल विज को पुष्पगुच्छे भेंट करते हुए उनके चाहने वालों ने हालचाल जाना व जल्द स्वस्थ होने की कामना की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के जज्बे को सलाम गुनगुनाई पंक्तियां, तुम्हारी दुआओं से ही मैं जिंदा हूं. ऊर्जा मंत्री अनिल विज का हालचाल जानने पहुंची भाजपा आईटी सेल टीम के समक्ष मंत्री अनिल विज ने पंक्तियां गुनगुनाई कि तुम्हारी दुआओं से ही मैं जिंदा हूं, वरना मैं तो धरती का छोटा सा परिंदा हूं...। इस दौरान भाजपा नेता आशीष अग्रवाल, पप्पू बहल, आशीष सभ्रवाल, मनोज नैनीवाल, दीपक कुमार, सतीश शाक्या, विकास जैन, पारस मनी एवं अन्य मौजूद रहे। वहीं, आज हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर व जींद से विधायक डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने शायराना अंदाज में मंत्री अनिल विज का हालचाल जानते हुए गुनगुनाया तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती नजारे हम क्या देखें, तुझे मिलके भी प्यास नहीं बुझती नजारे हम क्या देखें। उन्होंने मंत्री अनिल विज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इससे पहले, राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा, सफीदो से विधायक राम कुमार गौत्तम, हरियाणा क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी के चेयरपर्सन व रिटायर्ड आईएएस राजीव अरोड़ा, समालखा के पूर्व विधायक व राष्ट्रीय लोक दल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र मछरौली सहित प्रदेश के अन्य नेताओं ने उनका हालचाल जाना। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मंत्री अनिल विज के जल्द स्वस्थ होने की मनोकामना करते हुए गीत गाया जब तक ये पानी राहे, हमारे मंत्री जी की जिंदगानी रहे, गंगा मैयाज्। इस दौरान महिला मोर्चा से ज्योति मीत, सुनीता अरोड़ा, मोनिका विग, सुषमा शर्मा, सुषमा वैश, बलजिंदर कौर, पूनम, इंदु चोपड़ा, लक्ष्मी, क्षमा, कोचर रानी व अन्य थे।

## गुरुग्राम इफको चौक से फरीदाबाद-नोएडा तक जुड़ेगी रैपिड मेट्रो लाइन : सीएम नायब सिंह सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को भी सदन में हंगामा देखने को मिला। प्रश्नकाल में सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों ने सरकार से 20 सवालों के जवाब मांगे। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है।

विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट कर सरकार तानाशाही का काम कर रही है, जिस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जवाब दिया कि हमारी पुलिस ने किसी को हाउस अरेस्ट नहीं किया है और न ही हमारे पास कोई ऐसी जानकारी है। मैंने कल भी कहा था कि चंडीगढ़ प्रशासन ने सेक्टर 25 का मैदान तय किया है। आप वहां जाकर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सदन में बताया कि 24 फरवरी को एक बैठक हुई थी, जिसमें गुरुग्राम से फरीदाबाद और नोएडा के बीच बनने वाले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के अंतिम एलाइनमेंट को स्वीकृति दी गई। इस कॉरिडोर का 52 किलोमीटर का भाग हरियाणा में होगा। ये गुरुग्राम के इफको चौक से शुरू होकर फरीदाबाद और नोएडा को जोड़ेगा, जिससे ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलेगी। ये गुरुग्राम की मेट्रो लाइन से भी जुड़ेगा और फरीदाबाद में 16 किलोमीटर का इंटीग्रेटेड सेक्शन जुड़ेगा। इसकी जल्द ही जानकारी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर काम पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर संयुक्त सचिवालय बनाया गया है, ताकि अंतर्राज्यीय तस्करी पर रोक लगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं और मानस पोर्टल के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस गुप्त पहचान रखते हुए कार्रवाई करती है। संतों और खाप प्रतिनिधियों को भी नशा रोकने के अभियान में शामिल किया गया है, फिर भी कुछ मामलों में बाहर से नशा पहुंचने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा, 1887 से अब तक सरकार के पास मालिकाना हक रहा। पूरा शहर सरकारी भूमि पर बसा है, ये गैर-मुमकिन आबादी के रूप में विकसित है। यहां सैकड़ों परिवार कई पीढ़ियों से रह रहे हैं, 2020 तक इन संपत्तियों की रजिस्ट्री होती रही, इसमें लोगों का विश्वास और अधिकार जुड़े रहे। तकनीकी आधार पर इन लोगों को असुरक्षित नहीं रखा जा सकता। मैं आज छछरौली गांव की जमीन का विस्तृत सर्वे और रिकॉर्ड के जरिए उनको मालिकाना हक दिए जाने की घोषणा करता हूं।

### प्रेमनगर विद्यालय में नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम, रैली व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी.** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी के निर्देशानुसार समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग और स्टैंड विद नेचर के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को राजकीय उच्च विद्यालय प्रेमनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, जागरूकता रैली और वक्ताओं का जागरूकता उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. लक्खा सिंह के मार्गदर्शन और सरपंच राजेश बूरा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टील मैन आफ इंडिया एवं अखिल भारतीय युवा जन कल्याण संगठन के अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह पहलवान, विशिष्ट अतिथि जिला रेडक्रास से प्रशिक्षक विकास कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश बूरा, स्टैंड विद नेचर से दीपाली, सहायक प्रोफेसर डा. मधुसुधन, डा. मूल राज, स्कूल इंचार्ज सारिका ने शिरकत की। कार्यक्रम में मंच संचालन कांता रोहिल्ला और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश बूरा ने किया। जिला रेडक्रास से प्रशिक्षक विकास कुमार ने प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया। सरपंच राजेश बूरा ने गांव के विकास, खेलों में भागेदारी, स्कूल समिति सहित अन्य कार्यों की जानकारी दी। साथ ही युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया।

## सबसे कमजोर कड़ी ही महत्वपूर्ण है : एन्टनी



**भिवानी.** अनुशासन, एकता और पारस्परिक सहयोग से भी अधिक महत्वपूर्ण है अपनी टीम की सबसे कमजोर कड़ी को पहचान लेना क्योंकि यही वह बिन्दु है जिसका लाभ उठाकर आपकी विरोधी टीम आपको मात दे सकती है । इसलिए हमारा दायित्व है कि हम अपनी कमजोरी को पहचान लें और उसे मजबूती में तब्दील करें। उपरोक्त कथन बी एन 11 एन सी सी के इंचार्ज कर्नल एन्टनी हैनरी सेल्वम ने यहां सेक्टर 13 स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की चतुर्थ दो दिवसीय एथलीट मीट का शुभारम्भ करते हुए प्रतिभागियों एवम् स्टाफ सदस्यों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। इससे पूर्व कर्नल एन्टनी ने विशिष्ट अतिथि मारुति सुजुकी के रोहतक एच आर हैड योगेश कौशिक, संस्थान की प्राचार्या डॉ गीता गुलिया, उपप्रधानाचार्य बृजमोहन, विभागाध्यक्ष राजेश जिन्दल, हर्ष कुमार, जय सिंह और एन सी सी इंचार्ज डॉ सन्नी पन्नू के साथ प्रतिभागियों द्वारा किए गए मार्च पास्ट की सलामी ली और खिलाडियों को खेलभावना की शपथ दिलवा कर ध्वजारोहण के साथ इस एथलीट मीट का शुभारंभ किया ।पधारे हुए अतिथियों का संस्थान की प्राचार्या डॉ गीता गुलिया ने स्वागत और आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अनुशासन के साथ-साथ केवल जीत को ही नहीं बल्कि हार को भी स्वीकार करना सीखें ।

दो दिवसीय एथलीट मीट के पहले रोज़ छात्र और छात्राओं की सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर रेस, डिस्कस थ्रो, लोंग जम्प, हाई जम्प और ट्रिपल जैसी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र और छात्राओं ने बढ़चढकर भाग लिया।

### थाना शहर भिवानी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे उदघोषित आरोपी को किया गिरफ्तार



**भिवानी.** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में फरार चल रहे उदघोषित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भिवानी थाना शहर पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 24 फरवरी को थाना शहर भिवानी के एएसआई विजेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहे आरोपी को न्यायालय परिसर भिवानी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान हनुमान सिंह पुत्र मंगूराम निवासी शिवाड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर भिवानी में अभियोग संख्या 618 दिनांक 14.12.2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के अंतर्गत मामला दर्ज है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जिला कारागार भेज दिया गया।

## देशवासी अपनी मूल जड़ों को न भूले : तौला

- **सभ्यता,संस्कृति व लोक परंपराएं ही देश की है असली पहचान**
- **अन्य देश अब फॉलो करने लगे हैं हमारी सभ्यता संस्कृति व त्योहारों को**



**भिवानी.** सामाजिक संस्था जन कल्याण सहयोग संगठन प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अग्रवाल तौला ने कहा कि भारत व भारतवासियों की असल पहचान है उसकी सभ्यता,संस्कृति व लोक परंपराएं। दीपक अग्रवाल तौला ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता,संस्कृति व परम्पराओं के साथ साथ तीज त्योहारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। होलिका दहन के समय गाय के पवित्र गोबर से बनने वाले ब?कुल्लो को निज निवास स्थान पर बनाते समय कहा कि गाय के गोबर का हमारी संस्कृति में बहुत अधिक महत्व है,पहले के जमाने में अक्सर लोग गाय के गोबर से अपने घर को लिप्ते थे ताकि शुद्धता व ठंडक का एहसास बना रह सके। दीपक अग्रवाल तौला ने कहा कि होलिका दहन पर सबसे जरूरी चीज यदि कुछ है तो वह गाय के गोबर से बने बढकुल्ले। होलिका दहन पर बढ़कुल्ले जलाने से जहां नकारात्मकता दूर होती है वहीं वातावरण भी शुद्ध हो जाता है व उसके धुएं से अनेकों बीमारियों से भी राहत मिलती है। होली पर गाय के गोबर से उपले (बड़कुल्ले/गुलरी) बनाने की सदियों पुरानी परंपरा है,जो धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टि से पवित्र मानी जाती है। महिलाएं होली से कई दिन पहले ही गोबर के छोटे गोले, माला और आकृतियां (चंद्रमा, सूरज, नारियल) बनाती हैं, जिन्हें सुखाकर होलिका दहन में जलाया जाता है। जन कल्याण सहयोग संगठन प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अग्रवाल तौला ने कहा कि माता पिता को अपने बच्चों के साथ बैठकर हर तीज त्यौहार के बारे में विस्तृत जानकारी देनी चाहिए व हर त्यौहार की विशेषता भी बतानी चाहिए।


## पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बैंक महाघोटाले को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, सीबीआई जांच की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा सरकार के खातों में 590 करोड़ रुपए के महाघोटाले का मामला देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संज्ञान में डाला है। बुधवार को दुष्यंत चौटाला ने पत्र के जरिए प्रधानमंत्री से इस बड़ी गड़बड़ी की सीबीआई और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग उठाई। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की चंडीगढ़ शाखा में जमा सार्वजनिक धनराशि से संबंधित गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ है और इस मामले की जांच सीबीआई और एसएफआईओ से होना बेहद जरूरी है। पत्र के माध्यम पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हरियाणा में यह बड़ी धोखाधड़ी तब उजागर हुई जब राज्य सरकार के एक विभाग ने अपना खाता बंद कर धनराशि अन्य बैंक में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए बैंक कर्मचारियों और बाहरी तत्वों के बीच मिलीभगत के साफ संकेत देखने को मिले है और अन्य व्यक्तियों, संस्थाओं के शामिल होने की भी पूरी संभावना है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा इस घोटाले की जांच पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह सार्वजनिक धनराशि से संबंधित अत्यंत गंभीर मामला है इसलिए फोरेंसिक, बैंकिंग धोखाधड़ी और कॉरपोरेट से जुड़े कानूनों के तहत जांच होना अति महत्वपूर्ण है, जो कि सीबीआई और एसएफआईओ की टीमों द्वारा ही संभव है। दुष्यंत चौटाला ने मांग करते हुए कहा कि इस घोटाले की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय न्यायाधीश की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच समिति गठित होनी चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि हरियाणा के नागरिकों को पारदर्शी और निष्पक्ष जांच का अधिकार है और घोटालेबाजों से प्रत्येक रुपया वसूलकर दोषियों को सख्त सजा मिले। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि घोटाले की राशि को अन्य राज्यों में भी ट्रांसफर करने की संभावना हो सकती है, ऐसे में सीबीआई कई राज्यों में इस मामले की जांच प्रभावी तरीके से कर सकती है। वहीं एसएफआईओ को गंभीर कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच का विशेषाधिकार है।



# नैनीताल से उर्वशी रौतेला का खास जुड़ाव

मशहूर अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने हमेशा अपनी एक्टिंग और ग्लैमर के लिए सुर्खियां बटोरी हैं। बॉलीवुड हो या साउथ सिनेमा, उन्होंने अपने स्टाइल, परफॉर्मेंस और एनर्जी से अलग पहचान बनाई है। उन्हें जितना एक्टिंग और डांस से प्यार है, उतना ही प्यार उन्हें ट्रैवलिंग से है। वह ट्रैवल करती रहती हैं। उनकी सबसे पसंदीदा जगह नैनीताल है। इस जगह से उनका गहरा नाता भी है। उर्वशी रौतेला का जन्म 25 फरवरी 1994 को उत्तर प्रदेश के भरतपुर में हुआ था। बचपन से ही उन्हें कला और अभिनय का शौक था। उन्होंने स्कूल और कॉलेज के समय से ही कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। उनके परिवार ने हमेशा उनके उत्साह और जुनून को बढ़ावा दिया। उन्होंने अपनी शुरुआत मॉडलिंग से की, साथ ही कई विभिन्न ब्यूटी पेजेंट्स में भी हिस्सा लिया। 2012 में उन्हें फेमिना मिस इंडिया एंटरटेनमेंट क्वीन का खिताब भी मिला। यह उनके करियर का पहला बड़ा मोड़ था। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और फिल्मों में काम करना शुरू किया। उर्वशी ने कई बॉलीवुड और साउथ इंडियन फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने साल 2013 में सिंह साहब द ग्रेट से एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद सनम रे (2016), ग्रेट ग्रैंड मस्ती (2016), हेट स्टोरी 4 (2018), पागलपंती (2019) और वर्जिन भानुप्रिया (2020) जैसी फिल्मों में दिखाई दीं। इसके बाद उन्होंने डाकू महाराज, सिंगल और कई अन्य फिल्मों में काम किया। उनकी फिल्मों के गाने और स्टाइलिश अंदाज भी लोगों में खूब पसंद किए गए। फिल्मों के साथ-साथ उर्वशी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी सफलता और अनुभव फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। नैनीताल को लेकर उन्होंने एक पोस्ट साझा किया था और इस जगह से अपने खास जुड़ाव के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि नैनीताल उनके लिए सिर्फ छुट्टियों की जगह नहीं, बल्कि उनकी बचपन की यादों का हिस्सा है। यह उनका ननिहाल है। जब भी वह यहां आती हैं, तो झील में नाव की सवारी, तिब्बती बाजार और मालरोड की सैर जरूर करती हैं। इसके साथ ही, वह नैना देवी मंदिर भी जाती हैं।



# रश्मिका मंदाना की टूट चुकी है सगाई, जानें कौन हैं एक्ट्रेस के एक्स मंगेतर और क्या करते हैं?

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा पिछले काफी समय से अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं. वहीं, अब इस कपल ने इन खबरों पर मुहर लगा दी है. दोनों ने स्टोरी शेयर कर अनाउंस किया कि फैंस ने उन्हें विरोश नाम दिया है और वो इसे अपनी शादी का नाम देंगे. लेकिन इन सबके बीच क्या आपको पता है कि विजय से पहले रश्मिका की सगाई टूट चुकी है. चलिए जानते हैं एक्ट्रेस के एक्स मंगेतर के बारे में रश्मिका मंदाना के एक्स मंगेतर साउथ के जाने-माने एक्टर और फिल्म मेकर रक्षित शेट्टी है. साल 2016 में रश्मिका ने फिल्म क्रिक पार्टी से अपने करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म में रश्मिका के साथ रक्षित शेट्टी ही लीड रोल में थे. एक्ट्रेस की ये फिल्म हिट रही थी. इसके बाद ही दोनों के बीच रोमांस शुरू हो गया था और फिर करीब एक साल डेट करने के बाद साल 2017 में दोनों ने सगाई कर ली थी. लेकिन एक साल बाद 2018 में दोनों का रिश्ता टूट गया. रिपोर्ट्स की मानें तो उस समय ऐसी खबरें आई थीं कि विचारों में तालमेल की कमी की वजह से दोनों ने अलग होने का फैसला किया. इसके अलावा रश्मिका अपने करियर पर ध्यान देना चाहती थी. एक्ट्रेस के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो विजय देवरकोंडा के साथ राणाबाली फिल्म में नजर आएंगी. इसके अलावा वो द रेनबो फिल्म का भी हिस्सा हैं. वहीं, रक्षित शेट्टी को आखिरी बार सप्त सागरदाचे एलो - साइड बी में देखा गया था. वहीं, अब वो फिल्म रिचर्ड एंथनी- लॉर्ड ऑफ द सी पर काम कर रहे हैं. इसके अलावा रक्षित साल 2022 में आई ब्लॉकबस्टर 777 चार्ली के लिए भी जाने जाते हैं.

# इस टीवी शो ने राजपाल यादव को बनाया था स्टार, बॉलीवुड स्टार्स से भी ज्यादा पॉपुलर हुए थे कॉमेडियन

बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की एक्टिंग के आज भी लोग खूब दीवाने हैं. अभिनेता के काम को लोगों का खूब प्यार मिलता है. आज हम आपको उस शो के बारे में बता रहे हैं, जिससे राजपाल को खूब पॉपुलैरिटी मिली थी. बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव इन दिनों 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस केस में चर्चा में बने हुए हैं. सोशल मीडिया से लेकर खबरों के बाजार तक राजपाल की बातें हो रही हैं. इस बीच अब उस शो की बातें हो रही हैं, जिसने एक्टर को खूब पॉपुलैरिटी दिलाई. आइए जानते हैं इस शो के बारे में कि आखिर ये शो कौन-सा है? दरअसल, बात आज कि नहीं बल्कि 90 के दशक की है, जब राजपाल ने अपनी शानदार एक्टिंग से टीवी पर धमाल मचा दिया था. 90 का दशक वो समय था, जब राजपाल ने अपने करियर की शुरुआत की थी. राजपाल ने सालों मेहनत की, लेकिन इस दशक के आखिरी सालों में जाकर उन्हें सफलता मिली थी. राजपाल ने टीवी में काम किया और उन्हें प्रकाश झा का एक टीवी शो मिला. इस शो में राजपाल ने लीड रोल अदा किया था. शो के नाम की बात करें तो ये दूरदर्शन पर आने वाले शो 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' है. राजपाल का ये शो 90 के दशक का मशहूर शो 'मुंगेरी के हसीन सपने' का सीक्वल था. राजपाल का ये शो दूरदर्शन के समय में बड़ा हिट रहा था. शो में राजपाल के किरदार को बेहद प्यार मिला था. इस शो में राजपाल के कॉमिक टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और शानदार अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया था. ना सिर्फ राजपाल का किरदार हिट हुआ था बल्कि इस शो का खुमार ऐसा था कि राजपाल उस वक्त बॉलीवुड स्टार्स से भी ज्यादा पॉपुलर हो गए थे. राजपाल यादव की बात करें तो एक बार उन्होंने बेहद मजेदार किस्सा बताया था. राजपाल ने कहा था कि साल 1999 में उन्हें रवीना टंडन और मनोज बाजपेयी के साथ 'शूल' फिल्म मिली थी. उन्होंने बताया था कि फिल्म की शूटिंग बिहार में हुई थी और शूटिंग के दौरान 5 लाख लोग शूट पर आए थे.

# काजोल के पक्ष में दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, एआई और डीपफेक पर लगाई रोक

दिल्ली हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल के पक्ष में एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने काजोल के नाम, तस्वीर, आवाज और उनकी पूरी पहचान के गलत इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक और सोशल मीडिया के जरिए मशहूर हस्तियों की पहचान का दुरुपयोग तेजी से बढ़ता जा रहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा है कि बिना अनुमति किसी की पहचान का इस्तेमाल करना गैरकानूनी है। यह व्यक्ति की गरिमा पर सीधा हमला है। यह आदेश दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच की जस्टिस योति सिंह ने सुनाया।

इस मामले में काजोल ने कई वेबसाइट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज, एआई चैटबॉट साइट्स और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। इन अज्ञात लोगों को कानूनी भाषा में जॉन डो कहा जाता है, जिनकी पहचान अभी सामने नहीं आई है, लेकिन जो ऑनलाइन गलत गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं। काजोल की याचिका में आरोप लगाया गया कि बड़ी संख्या में उनकी तस्वीरों और नाम का इस्तेमाल करके ऑनलाइन मर्चेंडाइज बेचे जा रहे हैं। इसके अलावा, एआई की मदद से उनकी नकली तस्वीरें बनाई जा रही थीं। कुछ वेबसाइट्स पर उनकी पहचान का इस्तेमाल करते हुए अश्लील एआई चैटबॉट चलाए जा रहे थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि काजोल भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी-मानी और सम्मानित अभिनेत्री हैं, जिनका करियर लगभग चार दशकों का रहा है। उन्हें पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी पहचान एक मजबूत ब्रांड है, जिसे उन्होंने सालों की मेहनत से बनाया है। इस पहचान का बिना अनुमति इस्तेमाल करना कानून के खिलाफ है और ऐसे मामलों में अदालत का हस्तक्षेप जरूरी है, ताकि किसी भी तरह का गलत फायदा उठाने से रोका जा सके। कोर्ट ने कहा कि जो वेबसाइट्स और ऑनलाइन मार्केटप्लेस काजोल के नाम और तस्वीर वाले सामान बेच रहे थे, अगर ऐसा सामान घटिया क्वालिटी का हुआ, तो इससे काजोल की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है। जज योति सिंह ने अपने आदेश में कहा, सभी दस्तावेज और शिकायत को देखने के बाद यह साफ है कि काजोल का मामला मजबूत है। अगर तुरंत रोक नहीं लगाई जाती, तो उन्हें नुकसान हो सकता था, जिसकी भरपाई बाद में संभव नहीं है।

# 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई 'पुष्पा 2', जानें फिल्म की झोली में गिरे कितने अवॉर्ड

साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तो चलिए जानते हैं कि तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में कितने अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए ही मिला है। फिल्म में अभिनेता की एक्टिंग लोगों के सिर चढ़कर बोली थी और कमाई के आंकड़ों से साफ है कि 'पुष्पा 2; का रिकॉर्ड तोड़ पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉर्ड्स नहीं मिले हैं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया,



जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन 'आरआरआर' और 'केजीएफ' को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो 'आरआरआर' ने 133 करोड़ और 'केजीएफ' ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन 'पुष्पा-2' ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया।

# कॉमेडी और इमोशन के दो छोर पर खड़ीं संदीपा धर, बताया चुंबक और दो दीवाने सहर में ने कैसे बदला अभिनय सफर

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया में एक कलाकार की पहचान उसके प्रोजेक्ट्स के सेलेक्शन से बनती है। ऐसे में अगर कलाकार अलग-अलग जॉनर में खुद को आजमाने का रिस्क उठाए, तो उसका सफर और भी दिलचस्प हो जाता है। इन दिनों एक्ट्रेस संदीपा धर अपने दो बिल्कुल अलग-अलग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक ओर वह आने वाले शो चुंबक में हल्की-फुल्की फैमिली कॉमेडी का हिस्सा हैं, तो दूसरी ओर फिल्म दो दीवाने शहर में में उनका किरदार नैना दर्शकों को इमोशनल कर रहा है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि कैसे इन दोनों प्रोजेक्ट्स ने उन्हें एक कलाकार के रूप में चुनौतियां दीं। आईएएनएस से बात करते हुए संदीपा चुंबक को लेकर बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि यह एक ऐसी फैमिली कॉमेडी है, जिसे हर उम्र का दर्शक साथ बैठकर देख सकता है। उन्होंने कहा, आज के दौर में कंटेंट अक्सर बोल्ड देखने को मिलता है, लेकिन चुंबक रिश्तों की गर्माहट को महसूस करने की कोशिश करता है। इसमें किसी तरह की भद्दी कॉमेडी या असहज करने वाले जोक्स नहीं हैं। कहानी पड़ोसियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां लोग एक-दूसरे के घर बेझिझक आते-जाते हैं, साथ खाना खाते हैं, जिससे रिश्ते अपनेपन वाले बनते थे। संदीपा मानती हैं कि आज के समय में यह पड़ोस कल्चर लगभग खत्म हो चुका है और चुंबक उसी खोए हुए अपनापन को वापस लाने की कोशिश है। संदीपा के लिए कॉमेडी का अनुभव नया है। इस पर उन्होंने कहा, कॉमेडी जितनी सहज दिखती है, उतनी होती नहीं है। टाइमिंग, रिएक्शन और सिचुएशनल ह्यूमर को पकड़ना आसान नहीं होता। इसमें रिद्म और सटीकता बेहद जरूरी है। लेकिन अनुभवी कलाकारों के साथ काम करने से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। सेट पर हल्के-फुल्के माहौल और टीम के सपोर्ट ने इस जॉनर को समझने में मेरी काफी मदद की है। नीना गुप्ता, सुमित राघवन, सुमित व्यास और देवेन भोजानी जैसे कलाकारों के साथ शूटिंग करना किसी एक्टिंग स्कूल से कम नहीं है। सेट पर कोई सीनियर-जूनियर नहीं है, सब दोस्त जैसे हैं और माहौल पूरी तरह फैमिलियर हो चुका है। अब जैसे-जैसे शूटिंग खत्म होने को है, तो सभी के मन में एक अजीब-सी उदासी महसूस हो रही है।

संदीपा के लिए इसके बिल्कुल उलट दो दीवाने सहर में का अनुभव भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा।



# होलिका दहन पर मंगल का कुंभ गोचर, इन राशियों के लिए लाभ और चुनौतियां

होलिका दहन 2026 के अवसर पर ग्रहों की स्थिति विशेष मानी जा रही है। इस दिन मंगल कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे। मंगल को ऊर्जा, साहस और सक्रियता का प्रतीक माना जाता है, ऐसे में उनका कुंभ राशि में गोचर कई राशियों के जीवन में बदलाव के संकेत देता है। होलिका दहन से पहले और बाद का यह समय कुछ राशियों के लिए उन्नति के अवसर लाएगा, वहीं कुछ के लिए सावधानी की मांग करेगा। यहां छह राशियों पर इस गोचर के संभावित प्रभावों का विवरण दिया जा रहा है।

**तुला राशि**

तुला राशि वालों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से प्रगति का संकेत देता है। बौद्धिक क्षमता का सही उपयोग करने से आय के नए रास्ते खुल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई गतिविधियों की शुरुआत संभव है और कला या तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ परेशानियां मानसिक चिंता बढ़ा सकती हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों और निजी संबंधों में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

**वृश्चिक राशि**

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह गोचर संपत्ति और भौतिक सुखों में वृद्धि के योग बना रहा है। घर, वाहन या जमीन से जुड़े मामलों में लाभ के संकेत हैं। करियर में भाग्य का साथ मिल सकता है और प्रतिस्पर्धा में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि भावनात्मक आवेग और गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, क्योंकि इससे संबंधों में तनाव पैदा हो सकता है।

**धनु राशि**

धनु राशि वालों के लिए मंगल का यह प्रभाव सामाजिक दायरा बढ़ाने वाला रहेगा। साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे नए संपर्क बन सकते हैं। हालांकि निजी जीवन में कुछ असंतुलन महसूस हो सकता है, खासकर परिवार और संबंधों को लेकर। शिक्षा और तकनीकी ज्ञान से जुड़े प्रयासों में मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

**मकर राशि**

मकर राशि के जातकों के लिए यह समय नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला साबित हो सकता है। पारिवारिक मामलों में प्रगति के संकेत हैं और करियर में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। हालांकि खर्चों में अचानक वृद्धि होने से बजट प्रभावित हो सकता है। संबंधों में स्पष्ट संवाद बनाए रखना आवश्यक रहेगा, ताकि गलतफहमियों से बचा जा सके।

**कुंभ राशि**

कुंभ राशि में मंगल की मौजूदगी इस राशि वालों के लिए मिश्रित परिणाम लेकर आ सकती है। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं और पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। साथ ही मानसिक गतिविधियां बढ़ेंगी और नई योजनाओं पर विचार होगा। हालांकि निजी रिश्तों और स्वास्थ्य से जुड़े कुछ मुद्दे चिंता का कारण बन सकते हैं, इसलिए संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

**मीन राशि**

मीन राशि के जातकों के लिए यह गोचर खर्चों में बढ़ोतरी का संकेत देता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और प्रतिस्पर्धा में सफलता मिलने की संभावना है। पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर चिंता बनी रह सकती है, लेकिन संतान या शिक्षा से जुड़े मामलों में संतोषजनक

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com